## HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
## JODHPUR

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 1282/2016

Smt. Heera And Ors.

----Appellant

Versus

Amrit Lal And Ors.

----Respondent

Connected With

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 322/2016

The New India Assurance Co. Ltd.

----Appellant

Versus

Smt. Heera And Ors.

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Sidharth Karwasra |
| For Respondent(s) | : | Mr. Mudit Bachhawat |

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**08/05/2026**

दावेदारों की ओर से अपील संख्या 1282/2016 अवार्ड राशि में वृद्धि किए जाने की प्रार्थना के साथ पेश की गई है।

सुना गया।

अपील सुनवाई हेतु ग्रहण की जाती है। प्रत्यर्थीगण की तलबी हेतु आदेशिका शुल्क, नोटिस पेश होने पर नोटिस जारी हों।

प्रत्यर्थी संख्या–1 व 2 की तामील से विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी ने उन्मुक्ति चाही जो उनके निवेदन एवं जोखिम पर प्रदान की जाती है।

प्रत्यर्थी संख्या–3 बीमा कम्पनी की ओर से विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं, अतः उन्हें औपचारिक नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

अभिलेख तलब किया जावे।

बीमा कम्पनी की ओर से अपील संख्या 322/2016 विद्वान अधिकरण द्वारा दावेदारों को दिलाई गई पंचाट राशि में कमी किए जाने की प्रार्थना के साथ पेश की गई है।

दावेदार प्रत्यर्थी संख्या–1 लगायत 6 की ओर से विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं।

प्रत्यर्थी संख्या–7 व 8 की तामील से पूर्व में उन्मुक्ति प्रदान की जा चुकी है।

प्रकरण में स्थगन प्रार्थना–पत्र पर अंतरिम आदेश दिनांक 28.03.2016 को पारित किया गया है। दावेदारों के विद्वान अधिवक्ता ने प्रकट किया कि उक्त स्थगन आदेश की अनुपालना में दावेदारों को अवार्ड राशि की 70 प्रतिशत राशि प्राप्त हो चुकी है। अंतरिम आदेश को अंतिम कर दिया जावे।

अवलोकन किया गया। दिनांक 28.03.2016 को पारित अंतरिम स्थगन आदेश को अंतिम किया जाता है तथा तदनुसार स्थगन प्रार्थना–पत्र निस्तारित किया जाता है।

दोनों प्रकरण सुनवाई हेतु उचित कालक्रम में सूचीबद्ध किए जावें।

**(SHUBHA MEHTA),J**

34-35ajays/-